प्रेस नोट

दिनांक 11.06.2024

थाना कुरारा पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न

पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर के निर्देशन में थाना कुरारा पुलिस द्वारा आगामी त्यौहार ईद-उल-अजहा एवं गंगा दशहरा के दृष्टिगत क्षेत्र के धर्मगुरुओं एवं मौलवी व सभ्रान्त व्यक्तियों व पीस कमेटी के सदस्यों के साथ पीस कमेटी की मीटिंग की गयी। मीटिंग में उपरोक्त त्यौहारो में आने वाली समस्याओं एवं पूर्व के विवादों के सम्बन्ध में विस्तृत चार्चा की गयी। क्षेत्र के धर्मगुरुओं एवं मौलवी व सभ्रान्त व्यक्तियों व पीस कमेटी के सदस्यों से आग्रह किया गया कि यदि कोई अराजकतत्व त्यौहार को सकुशल सम्पन्न होने से प्रभावित करता है तो उस व्यक्ति या अराजकतत्व के बारे सूचना पुलिस को दें ताकी त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराने के साथ-साथ उस व्यक्ति या अराजकतत्व के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही की जा सके। नमाज के समय ईदगाह एवं मस्जिदों के आस पास सफाई एवं गंगा दशहरा पर घाटों पर एकत्रित होने वाले श्रदालुओं के स्नान के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर के निर्देशन में थाना कुरारा पुलिस द्वारा समुचित सुरक्षा व्यवस्था की गयी है। शासन द्वारा त्यौहार के सम्बन्ध में निर्गत गाइड लाइन एवं निर्देशों के सम्बन्ध में भली भांति अवगत कराते हुये त्यौहारो पर शान्ति व्यवस्था एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने की अपील की गयी।